पाठ 5 सही समय

मुख से

क) कवि को सही समय का पता करना मुश्किल क्यों लगता है?

उत्तर - दीवार पर टंगी या कलाई पर बंधी घड़ियां समय से आगे या पीछे चलती हैं, घंटाघर की घड़ियां कई दिनों तक बंद रहती है, पुलिस लाइन में बजने वाले घंटों की आवाज़ में इन दिनों सुनाई नहीं देती। ऐसी स्थिति में कवि को सही समय का पता करना मुश्किल लगता है।

ख) दीवारों पर टंगी या कलाई पर बंधी घड़ियां कैसे चलती हैं?

उत्तर - दीवारों पर टंगी या कलाई पर बंधी घड़ियां समय से आगे या पीछे चलती हैं।

ग) घंटाघर की घड़ियों को क्या हो गया है?

उत्तर – घंटाघर की घड़ियां कई दिनों से बंद पड़ी हैं।

घ) मुड़कर कौन नहीं देखता?

उत्तर – समय कभी भी मुड़कर नहीं देखता।

कलम से

क) घंटाघर की घड़ियों के कई दिनों तक बंद रहने से कवि का क्या तात्पर्य है?

उत्तर - घंटाघर की घड़ियों के कई दिनों तक बंद रहने से कवि का यह तात्पर्य है कि उनमें कई दिनों से चाभी नहीं भरने से वह बंद पड़ी हुई है।

ख) ‘ इन दिनों पुलिस लाइन में बजने वाले घंटों की आवाज़ सुनाई नहीं देती ’, इसमें क्या व्यंग्य छिपा है?

उत्तर – 'इन दिनों पुलिस लाइन में बजने वाले घंटों की आवाज़ सुनाई नहीं देती ', इसमें यह व्यंग्य छिपा है कि वहां भी लोग आलसी हो गए हैं वे काम समय पर नहीं करते हैं।

ग) यदि घड़ियां सही चल रही हैं, फिर भी यह कहना क्यों मुश्किल हो गया है कि घड़ियां सही समय बता रही हैं?

उत्तर – घड़ियों के सही चलने पर भी यह कहना मुश्किल हो गया है की घड़ियां सही समय बता रही हैं क्योंकि वे कभी समय से आगे या कभी समय से पीछे चलती है, जिस कारण सही समय का पता लगाना मुश्किल हो गया है।

घ) अच्छा या बुरा क्या होता है? जीवन कब ठहर जाता है?

उत्तर - अच्छा या बुरा जीवन होता है। चलते-चलते थक जाने पर जीवन ठहर जाता है, तथा पीछे मुड़कर देखने लगता है।

ङ) जीवन से समय आगे क्यों निकल जाता है?

उत्तर - जीवन समय के साथ चलता है, लेकिन बीच में कभी-कभी ठहर जाता है पर समय निरंतर चलता रहता है। वह किसी के लिए नहीं रुकता। इस कारण समय जीवन से आगे निकल जाता है।

2. कविता के अंश ध्यान से पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए। (नोट:- काव्यांश के लिए पुस्तक में पृष्ठ क्रमांक 35 देखिए। यहां सिर्फ प्रश्नों के उत्तर दिए गए हैं।)

क) 'दरअसल समय समय होता है,' से कवि का क्या तात्पर्य है?

उत्तर – 'दरअसल समय समय होता है' वह आगे- पीछे नहीं होता है, वह अच्छा- बुरा नहीं होता है, आगे पीछे हम होते हैं या हमारी घड़ियां होती हैं।

ख) क्या समय आगे या पीछे होता है?

उत्तर – नहीं, समय आगे- पीछे नहीं होता है।

ग) आगे-पीछे कौन होता है?

उत्तर – आगे-पीछे पीछे हम होते हैं या हमारी घड़ियां होती हैं।

घ) 'एक ही समय में लोग अनेक जीवन जीते हैं,' स्पष्ट कीजिए।

उत्तर - लोग एक ही समय में अनेक तरह की जिम्मेदारियां निभाते हैं जैसे एक आदमी एक समय में पिता, भाई, कर्मचारी, एक अच्छा नागरिक आदि जवाबदारी ओ को निभाता है। इस कारण कहा गया है कि एक ही समय में लोग अनेक जीवन जीते हैं।